**-प्रेस नोट-**

**जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक 19.08.2025**

❖**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री नितिन कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0-1932ए/14 धारा 32/504/506 भादवि में वारन्टी अभियुक्त अनुज उर्फ सन्जू पुत्र बुद्ध सिंह निवासी रोहाना कलां थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

❖**थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अनिल कुमार तोमर मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिंग 02 शातिर अभियुक्तगण 1. साहिल पुत्र शमसाद निवासी ग्राम मखियाली थाना नई मणडी, मुजफ्फरनगर 2. सोहेल पुत्र स्व0 उस्मान निवासी ग्राम मखियाली, थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को ए टू जैड तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटरसाईकिल बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-399/2025 धारा 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖**थाना भोपा पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत एक अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री इतरत अली मय हमराहीगण द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत दौराने पुलिस चैकिंग एक अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त पवन उर्फ पप्पन पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम गादला थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को थानाक्षेत्र भोपा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 140 ग्राम चरस बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदग के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 268/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖**थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री श्रीपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0-237/2025 धारा 65(1)/351(3) बीएनएस व ¾(2) पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सौरव उर्फ सौरभ पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम अटाली थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को ग्राम कमालपुर से पलडा तिराहे पर गिरफ्तार किया गया।

❖**थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अतेन्द्र तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0-132/2025 धारा 191(2)/190/76/351(3)/105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र इन्दरपाल निवासी ग्राम पलडा थाना शाहपुर, मुजफ्फ़रनगर को कसेरवा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

❖**थाना चरथावल पुलिस द्वारा 04 वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0-2155/2019 धारा 420/414/472 भादवि में वारन्टी अभियुक्त 1- साहिल पुत्र गोपीचन्द 2- नकुल पुत्र इन्द्र सिंह निवासीगण हकीमपुरा कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर तथा वाद सं0- 2947/16 धारा 323/324/504/506 भादवि में वारन्टी अभियुक्त मोहित जैन पुत्र हितेश कुमार जैन निवासी कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर एवं वाद सं0- 807/12 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारन्टी अभियुक्त श्रवण पुत्र हेतराम निवासी तीरगरान कस्बा व थाना चरथावल, को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

❖**थाना जानसठ पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत एक अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिंग 01 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त रामानंद सिंह पुत्र फक्कर सिंह निवासी ग्राम संघावली थाना मन्सूरपुर, मुजफ्फरनगर को तिमौडा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कब्जे से 4 किलो 725 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत करीब 1,50,000/- रूपये) बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 157/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖ **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत 04 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 01 किलो 15 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 करोड रूपये) एक इलैक्ट्रानिक कांटा तथा एक आई-20 कार सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना बुढ़ाना श्री आनन्द देव मिश्रा मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिंग 04 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 1. अब्दुल कादिर पुत्र जुल्फकार निवासी ग्राम जिजोला थाना झिंझाना, शामली, हाल पता ग्राम रसूलपुर थाना कोतवाली देहात सहारनपुर, उम्र करीब 28 वर्ष 2. अबरार उर्फ सोनू पुत्र याकूब निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर उम्र करीब 30 वर्ष 3. बाबर पुत्र रिजवान निवासी कस्बा व थाना सरसावा, सहारनपुर, उम्र करीब 28 वर्ष 4. रिहान पुत्र फुरकान निवासी बघरा थाना तितावी, मुजफ्फ़रनगर, उम्र करीब 25 वर्ष को थानाक्षेत्र बुढ़ाना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 किलो 15 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 करोड रूपये), एक इलैक्ट्रानिक कांटा तथा तस्करी की घटना में प्रयुक्त एक आई-20 कार बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 341/2025 धारा 8/21/60(2) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖ **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड हत्या के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री किशनपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा थाना बुढाना पर पंजीकृत हत्या के अभियोग मु0अ0सं0- 340/2025 धारा 191(2),190,115(2),103(1) बीएनएस व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त सादिक पुत्र रियाज निवासी मौहल्ला करबला रोड कस्बा व थाना बुढाना, मुजफ्फ़रनगर उम्र करीब 27 वर्ष को थाना बुढ़ाना क्षेत्रान्तर्गत घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 पल्सर मोटरसाईकिल बरामद की गयी। थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖**थाना तितावी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर शस्त्रों के साथ फोटो वायरल कर रौब गालिब करने 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 19.08.2025 को थानाध्यक्ष तितावी श्री पवन कुमार मय हमराहीगण द्वारा सोशल मीडिया पर शस्त्रों के साथ फोटो वायरल कर रौल गालिब करने वाले 02 अभियुक्तगण सुधीर पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम सिसौली थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर तथा बबलू पुत्र नरेश निवासी ग्राम जागाहेडी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को थाना तितावी क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से वायरल फोटो में प्रदर्शित 01 लाईसेन्सी राइफल 315 बोर बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना तितावी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 210/25 धारा 30 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है साथ ही लाईसेन्सी शस्त्र के लाईसेन्स के निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा रही है।